हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

15 नवंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर किसानों को बोनस की 300 करोड़ रुपये की दूसरी क़िस्त जारी की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में एक हज़ार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल का मनम श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर रखा जाएगा।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने  जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक बधाई दी।
- हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को नहरी पानी किसानों के खेतों की टेल तक पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- आज हरियाणा सहित देश भर में श्री  गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार ने गुरूग्राम में लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 700 बेड के सरकारी अस्पताल का नामकरण श्री गुरू नानक देव जी के नाम पर करने का फैसला किया है। इसके अलावा आज प्रकाश पर्व पर किसानों को 300 करोड रुपए की बोनस की दूसरी किस्त जारी की गई है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला के गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बी जे पी सरकार किसान व समाज हित में कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की जानकारी देने के लिए मृदा कार्ड बनाए जाएगें। हर तीन साल के बाद किसानों की भूमि के मृदा कार्ड बनाए जाते हैं। अब 40 लाख किसानों के मृदा कार्ड बनाकर जारी किए जाएंगे मुख्यमंत्री ने बताया कि सिरसा में चिल्ला साहिब गुरुद्वारा की 77 एकड़ भूमि भी गुरूघर के नाम करने का निर्णय लिया गया है। श्री गुरु नानक देव जी इस भूमि पर आए और 40 दिन तक लगातार तपस्या की थी । इसलिए सरकार ने यह भूमि गुरूद्वारे को दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के 7000 प्लाट धारकों की इनहांसमेंट समस्याओं का निवारण करने के लिए आज पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल लगातार 6 माह तक खुला रहेगा ।चंडीगढ़ में विधानसभा भवन बनाने के लिए मिलने वाली भूमि को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के हित में निर्णय ले तो सही होगा। इसके साथ ही किसानों की फसल खरीदने का कार्य भी करे। पंजाब सरकार अपनी कमियां छुपाने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कार्य कर रही है।

*****************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जो प्रतिवर्ष श्रद्धेय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है, स्वतंत्रता संग्राम में भारत के आदिवासी समुदायों के अमूल्य योगदान और बलिदान की याद दिलाता है।जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहस और मनोबल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविध परंपराओं और मान्यताओं को संरक्षित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

*****************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को किसानों के खेतों की टेल तक नहर का पानी पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।मंत्री आज चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने अधिकारियों को ये निर्देश भी दिए कि वे प्रदेश के हर जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में जाकर पता लगाएं कि किसानों को नहरी पानी की आपूर्ति में क्या दिक्कत आ रही है ताकि किसानों को अतिशीघ्र

राहत दिलाई जाए।मंत्री जल्द ही विभाग के वरिष्ठ अभियंता के साथ बैठक करेंगी और स्वयं पोर्टल के जरिये परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी करेंगी, ताकि समयावधि में परियोजनाओं को सिरे चढ़ाया जा सके। इसके अलावा शीघ्र ही मंत्री हथिनी कुंड बैराज का निरीक्षण कर पानी की आपूर्ति का जायजा भी लेंगी।उन्होंने अधिकारियों से नहरों व रजवाहों की मरम्मत तय समय पर करने के निर्देश भी दिए ताकि किसानों के खेतों में पानी आसानी से पहुंच सके।मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विभाग की छवि को और बेहतर करना होगा और कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*******************************************************

हरियाणा सहित देश भर में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व आज पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के गुरुद्वारा नाडा साहिब में माथा टेका।मीडिया सके सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने गुरुद्वारा नाडा साहिब में प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने सदियों पहले मानवता को 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' का पाठ पढ़ाया। बाबा नानक की वाणी और शिक्षा को प्रदेश सरकार ने सर्वोपरि माना है। इस मौके हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार बधाई की पात्र है जिन्होने किसान हित में अनेक निर्णय लिए है। इसके अलावा श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर अस्पताल का नाम और सिरसा गुरुद्वारे की भूमि सौंपने का नेक कार्य किया है।

******************************************************

अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरूद्वारा बादशाही बाग, गुरूद्वारा मंजी साहिब, पंजोखरा साहिब में आज दीवान सजाए गए और गुरू के लंगर अटूट बरताए गए। विभिन्न स्थानों से आए रागी □ाडी जत्थों ने कथा-कीर्तन से संगतों को निहाल किया। अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरद्वारा मंजी साहिब में रक्तदान और चिकित्सा शिविर लगाया गया ।

*****************************************************

देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 2027 तक सालाना छह दशमलव पांच से सात प्रतिशत के बीच बढ़ने का अनुमान है। एस.एंड.पी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार संरचनात्मक सुधार और अच्छी आर्थिक संभावनाएं भारत की आर्थिक मजबूती में सहायता करेंगी। मजबूत बैंक पूंजीकरण के साथ ऊंची मांग से बैंक ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी पिछले महीने कहा था कि देश की आर्थिक वृद्धि बरकरार है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाकद वृद्धि सात दशमलव दो प्रतिशत रहने की संभावना है।

******************************************************